>

Title : Need to set up a Central Custom Office in East Champaran district of Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): माननीय सभापति महोदय, आपने शून्य काल में हमें बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद।

भारत नेपाल सीमा पर बिहार के पूर्वी चम्पारण जिले में जमुनिया घोड़ासहन प्रखंड क्षेत्र में केन्द्रीय सीमा शुल्क कार्यालय स्थापित करने की बहुत आवश्यकता है। यहां पर खुले आम अवैध तस्करी हो रही है। जो सही व्यापारी हैं, उनका सीमा सुरक्षा बल द्वारा उत्पीड़न किया जाता है, उन्हें बहुत सताया जाता है और विधिवत् वसूली नहीं होने के कारण अवैध लोगों के प्रवेश की स्वतंत्रता एवं प्रभुत्व वहां बनता जा रहा है, जो देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक है। वहां नेपाल सीमा से ही जाली नोटों का आवागमन होता रहता है। अधिकतर जो क्रिमनल हैं, वे मर्डर करने के बाद नेपाल सीमा में घुस जाते हैं, यह भी सोच का विषय है और इसे रोकने की आवश्यकता है। इसके साथ ही केंद्रीय सरकार को जो सबसे ज्यादा राजस्व की हानि हो रही है, इस पर निगरानी करने की आवश्यकता है।